एक नजर में

## पुरानी रंजिश में दो भाइयों पर हमला

**इंदौर.** तेजाजी नगर क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर तीन आरोपियों ने दो सगे भाइयों के साथ मारपीट कर दी. झगड़े के दौरान आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित असरावद खुर्द में एक बार फिर पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया. यहां रहने वाले आनंद मालवीय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ लोगों ने उसे और उसके भाई आलोक को रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटा. थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार आरोपी निशांत परमार, भंवर सिंह और रामचरण परमार ने पुराने विवाद को लेकर दोनों भाइयों को गालियां दीं और फिर लात-घूंसों से हमला कर दिया. आरोप है कि मारपीट के बाद तीनों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग निकले. पुलिस ने पीड़ित आनंद की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है.

## मोबाइल पर गेम खेल रहे युवक का सिर फोड़ा

**इंदौर.** परदेशीपुरा क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. एक युवक ने गाली गलौज के बाद पास पड़ा पत्थर उठाकर दूसरे युवक के सिर पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित जनता क्वार्टर शिवालय लाइब्रेरी के पास हुए विवाद में युवक पर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया गया. घायल युवक की पहचान अनिकेत पिता राजेंद्र निवासी परदेशीपुरा के रूप में हुई है. अनिकेत ने पुलिस को बताया कि वह अपने मोबाइल फोन पर गेम खेल रहा था, तभी आरोपी रूद्रांश सिसोदिया उर्फ कान्हा पिता महेश सिसोदिया वहां आ पहुंचा और बेवजह बहस करने लगा. अनिकेत ने उसे टोकते हुए कहा कि तू अपने घर का ध्यान रख, जिस पर रूद्रांश भड़क गया और गालियां देने लगा. अनिकेत द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने पास में रखा हुआ पत्थर उठाया और सीधे उसके सिर पर दे मारा. हमले से अनिकेत के सिर से खून बहने लगा. आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद अनिकेत को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया. पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपी रूद्रांश के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं.

## सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की बैठक का आयोजन



**महू.** चोपड़ा वाटिका में बुधवार को सर्व ब्राह्मण महिला मंडल महू की बैठक का आयोजन हुआ. आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. साथ ही महू विद्वत परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा काशी महाराज का स्वागत सम्मान डा. स्वर्णा दुबे सचिव श्रीमति आरती शर्मा, दीपा पाठक, निशा दुबे, रेणु शुक्ला, अखिलेश शर्मा, मीनू जोशी, मीना शर्मा, विजया शर्मा आदि ने मालवी पगड़ी, शाल, श्रीफल, पटका डाल कर स्वागत किया व सकल हिंदू समाज को दिशा देने एवं सनातन संस्कृति की रक्षा का आव्हान किया.

## नगर परिषद महूगांव में सडक का भूमिपूजन



**महू.** स्थानीय नगर परिषद महूगांव द्वारा तीव्र गति से किये जा रहे विकास कार्यों में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत वार्ड क्र 2 शांति नगर महूगांव में सड़क का भूमिपूजन किया गया. स्थानीय नागरिक रोड की समस्या से पीड़ित थे. बारिश के समय में रास्ते पर पानी भर जाने तथा कीचड़ होने से अत्यधिक समस्या होती थी, सड़क बनने से रहवासियों का आवागमन सुगम होगा. उक्त सडक के भूमिपूजन सें स्थानीय रहवासियों में काफी हर्ष का माहौल था. उक्त सड़क के भूमि पूजन में नगर परिषद अध्यक्ष नवीन तिवारी, न.प. उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, नगर अध्यक्ष निकोस मुलिक राहुल द्विवेदी, ईश्वरचंद्र त्यागी, विनिता भलावी पूजा पंकज श्रीवास उमेश परिहार अजय चौधरी मनीष जगदीश पाटील दीपक पंडोले पंकज श्रीवास एंव सथानीय गणमान्य नागरीक उपस्थित थे.

## कावड़ यात्रा का किया स्वागत

**महू.** नगर में सनातनी विधायक गोलु शुक्ला की कावड यात्रा जो कि महेश्वर से प्रारंभ होकर उज्जैन की प्रसथान करती है. उक्त कावड यात्रा का आज महू नगर में प्रवेश होने



पर नगर परिषद महूगांव के अध्यक्ष नवीन तिवारी द्वारा भव्य मंच लगाकर संनातनी विधायक गोलु शुक्ला को भगवान परशुराम का परसा भेट कर स्वागत वंदन किया. उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद महूगांव के उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, नगर अध्यक्ष निकोस मुलिक, गोविंद शेखावत एवं पार्षद गण राहुल द्विवेदी ईश्वरचंद्र त्यागी, विनिता भलावी, पुजा पंकज श्रीवास, उमेश परिहार, अजय चौधरी, दीपक पंडोले जगदीश पाटील, पंकज श्रीवास, श्याम सिंह झाला, दिनेश यादव सुधीर पांडे महिला मोर्चा के मीनु भदौरिया, शारदा चौबे आशा कैथवास शीनु तिवारी, शारदा यादव गुजा चौरे ने पुष्प वर्षा कर भव्य कावड यात्रा का स्वागत किया.

## कैंट बौर्ड ने की 2 क्विंटल अमानक पॉलीथिन जब्त!



**महू.** खान कॉलोनी में छावनी परिषद ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई की. परिषद के अधिकारियों ने एक गोदाम से दो क्विंटल अमानक पॉलीथिन जब्त की. छावनी परिषद के सेनेटरी सुपरिटेंडेंट मनीष अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अमानक पॉलीथिन की बिक्री और भंडारण की शिकायतें मिल रही थीं. इस पर परिषद पॉलीथीन विक्रेताओं की निगरानी कर रही थी. व्यापारी गोपाल अग्रवाल के गोदाम में निर्धारित मापदंड से अधिक माइक्रोन की अमानक पॉलीथिन होने की सूचना मिली. इस सूचना के आधार पर छावनी परिषद ने कार्रवाई की. परिषद अब इस मामले में प्रकरण बनाकर आगे की कार्रवाई कर रही है.

# चोरी की शंका में युवक को पीट-पीटकर मार डाला

## चौकीदार समेत कई हिरासत में, जांच में जुटी पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मूसाखेड़ी क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल की साइट पर चोरी की आशंका में एक युवक की बेरहमी से पिटाई की गई. गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाए जाने के बाद उसकी मौत हो गई. पुलिस ने चौकीदार सहित कई मजदूरों को हिरासत में लिया है.**



आजाद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मूसाखेड़ी इलाके में निर्माणाधीन पुल की साइट पर एक मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान 32 वर्षीय उमेंद्र सिंह ठाकुर पिता महाराज सिंह, निवासी शिवदर्शन नगर आजाद नगर के रूप में हुई है. उमेंद्र मंगलवार देर रात को मूसाखेड़ी पेट्रोल पंप के पास एक चाय की दुकान के सामने घायल अवस्था में मिले थे. राहगीरों ने सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और उमेंद्र को एमवाय अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों ने बताया कि उनके हाथ, पैर और पीठ पर गंभीर चोटों के निशान थे, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उमेंद्र निर्माण स्थल पर गया था, जहां चोरी की शंका में कुछ मजदूरों और वहां तैनात चौकीदार ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी. पुलिस ने चौकीदार और उसके कुछ मजदूर साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.



### बेलदारी का काम करते थे

उमेंद्र के भतीजे विश्वनाथ ने पुलिस को बताया कि वे रोजाना की तरह काम पर निकले थे. वे बेलदारी का काम करते थे और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे. उनके परिवार में अब बुजुर्ग मां ही हैं. पिता और दोनों भाई पहले ही गुजर चुके हैं, जबकि चारों बहनों की शादी हो चुकी है. मामले में आजाद नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे की पूरी परिस्थितियों की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया मामले में जांच कर रही है.

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

- महाकाल दर्शन कर लौट रहे थे दो युवक
- बेटमा क्षेत्र में सड़क हादसा, चालक फरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** उज्जैन से महाकाल दर्शन कर लौट रहे दो युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए. धरावरा गांव स्थित गोशाला के सामने अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी. हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया.

घटना देर रात की है. मृतक की पहचान 25 वर्षीय सचिन पिता हरी सिंह निवासी बगोदा के रूप में हुई है, जो अपने साथी के साथ बाइक पर उज्जैन से दर्शन कर लौट रहा था. जब दोनों धरावरा के समीप पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. दुर्घटना में सचिन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामले में बेटमा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है, वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया.



# ससुराल पहुंची महिला पर पति ने किया जानलेवा हमला

- दीवार में सिर पटका

**इंदौर. विजय नगर क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके पति ने बेरहमी से मारपीट की. बाल पकड़कर घसीटा और दीवार में सिर पटक दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. पुलिस ने आरोपी पति पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु की.**

विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित जय अंबे बाग कॉलोनी में एक महिला के साथ उसके ही पति द्वारा की गई मारपीट का मामला सामने आया है. विजय नगर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार घायल महिला की पहचान अनिता साहू के रूप में हुई है, जिसने अपने पति महेंद्र साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. अनिता ने पुलिस को बताया कि वह अपनी भाभी यशोदा के साथ ससुराल गई थी, जहां पति महेंद्र ने उसे देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी. जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने उसका बाल पकड़कर घसीटा और जोर से दीवार में धक्का दे दिया, जिससे सिर से खून बहने लगा. इतना ही नहीं, महेंद्र ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि आज के बाद तू मेरे घर आई तो जिंदा नहीं बचेगी. घटना के बाद महिला ने विजय नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपी महेंद्र साहू के खिलाफ मारपीट, धमकी और घरेलू हिंसा की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश की जा रही है.

# छात्र की मौत में परिवार ने खुद जुटाया सबूत

- अब पुलिस से कार्रवाई की आस
- हादसे के तीसरे दिन अस्पताल से मिला सीसीटीवी
- आरोपी ड्राइवर की तस्वीर और वैन नंबर दोनों सामने आए

**इंदौर. गांधी नगर क्षेत्र में दो दिन पहले हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जहां 17 वर्षीय छात्र भविष्य यादव की जान चली गई थी, वहीं उसकी छोटी बहन भूमिका गंभीर रूप से घायल हो गई थी. अब इस मामले में मृतक के परिजन खुद ही साक्ष्य जुटाकर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं.** बुधवार को परिवार ने भाटिया अस्पताल से ऐसा सीसीटीवी फुटेज हासिल किया है, जिसमें न केवल हादसे में शामिल वैन एनपी 09 बीडी 9577 का नंबर साफ नजर आ रहा है, बल्कि आरोपी ड्राइवर की भी स्पष्ट तस्वीर दिखाई दे रही है.



### ड्रायवर के जल्द गिरफ्तार होने की उम्मीद

भविष्य यादव के पिता का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी है, जिसके चलते अब परिवार खुद ही सबूत तलाश रहा है. उन्होंने कहा हमारे बेटे की जान गई, बेटी अस्पताल में है और अब तक पुलिस के पास सिर्फ वैन का अंदाजा तक नहीं था. अगर हमने फुटेज न निकाला होता तो शायद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता. परिजनों के प्रयास से मिले इस नए सीसीटीवी फुटेज के सामने आने के बाद अब पुलिस पर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी को लेकर दबाव बढ़ गया है. आशा है कि फुटेज के आधार पर पुलिस अब आरोपी ड्राइवर को चिन्हित कर जल्द ही गिरफ्त में लेगी.

हादसा सोमवार को गायत्री मंदिर के पास उस समय हुआ था, जब दोनों भाई-बहन सड़क पार कर रहे थे. तेज रफ्तार वैन ने लापरवाहीपूर्वक टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ड्राइवर दोनों बच्चों को घायल अवस्था में वैन में डालकर भाटिया अस्पताल तक तो लेकर आया, लेकिन उन्हें भर्ती कराने के बाद बिना किसी को कुछ बताए मौके से भाग गया. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के बावजूद सोमवार को पुलिस को न तो वाहन की पहचान हो पाई थी, न ही आरोपी ड्राइवर की. इससे नाराज मृतक के परिजनों ने खुद भाटिया अस्पताल जाकर वहां का सीसीटीवी खंगाला, जिसमें हादसे से जुड़ी अहम जानकारी मिल गई. परिजन अब यह फुटेज पुलिस को सौंपने की तैयारी में हैं.

# सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराकर बनाई रील

- क्राइम ब्रांच ने तुरंत कार्रवाई कर पकड़ा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में हथियारों के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने का चलन अब युवाओं को सलाखों के पीछे पहुंचा रहा है. ताजा मामला इंस्टाग्राम पर वायरल हुई एक रील से जुड़ा है, जिसमें एक युवक पिस्टल लहराते हुए नजर आया. रील वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और युवक को दबोच लिया.**



क्राइम ब्रांच को कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो नजर आ रहा था, जिसमें एक किशोर उम्र युवक पिस्टल के साथ पोज देता दिख रहा था. वीडियो की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तकनीकी विश्लेषण शुरू किया और आरोपी की पहचान 19 वर्षीय फरहान उर्फ चीना पिता अफजल खान निवासी चंदन नगर के रूप में की. क्राइम ब्रांच की टीम ने फरहान को द्वारकापुरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया और कार्रवाई के लिए द्वारकापुरी थाने के सुपुर्द कर दिया. थाने में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के पास से वायरल वीडियो में प्रयुक्त पिस्टल भी जब्त कर ली है. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी यह हथियार कहां से लाया था और उसका आपराधिक रिकार्ड तो नहीं है. शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने सिर्फ रील बनाने के मकसद से वीडियो शूट किया था, लेकिन यह भी देखा जा रहा है कि उसके संबंध आपराधिक प्रवृत्ति के किसी गिरोह से तो नहीं हैं.

### शहर में बढ़ रहा हथियारों के साथ रील का चलन

क्राईम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि यह इकलौता मामला नहीं है. हाल के दिनों में कई युवक सोशल मीडिया पर खुद को डॉन या गैंगस्टर दिखाने की होड़ में तलवार, चाकू और पिस्टल के साथ रील बनाकर वायरल कर रहे हैं. कुछ तो केक काटने जैसे आयोजनों में भी हथियारों का इस्तेमाल कर उसका वीडियो अपलोड कर रहे हैं. ऐसे मामलों में अब तक कई युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है. डीसीपी क्राईम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि हथियारों के साथ रील बनाना न केवल गैरकानूनी है बल्कि गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है. ऐसे मामलों में बिना किसी ढील के कार्रवाई की जाएगी.

# सड़क पर बेसुध पड़ा था युवक, डीसीपी ने खुद उठाया और अस्पताल पहुंचाया

- जरा-सी देर हो जाती तो बिगड़ सकती थी हालत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की ट्रैफिक पुलिस न केवल यातायात व्यवस्था संभाल रही है, बल्कि सड़क हादसों के शिकार लोगों की मदद कर मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण भी पेश कर रही है. ऐसा ही एक वाकया भमोरी क्षेत्र में देखने को मिला, जब डीसीपी ट्रैफिक अरविंद तिवारी ने सड़क पर बेसुध पड़े एक घायल युवक को खुद उठाकर अस्पताल पहुंचाया.**



घटना उस समय की है जब डीसीपी तिवारी एक कार्यक्रम से लौट रहे थे. उनके साथ रंजीत सिंह भी मौजूद थे. रास्ते में उन्होंने देखा कि भमोरी इलाके में एक युवक सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा है और राहगीर उसे नजरअंदाज करते जा रहे हैं. बिना देर किए डीसीपी तिवारी ने गाड़ी रुकवाई, नीचे उतरकर युवक को होश में लाने के लिए उसके ऊपर पानी छिड़का और फिर रंजीत सिंह की मदद से उसे उठाकर एक ओर किया. इसके बाद घायल युवक के मोबाइल से उसके परिजनों का नंबर निकालकर उन्हें सूचना दी गई और मौके पर एंबुलेंस बुलवाई गई. डीसीपी तिवारी तब तक मौके पर मौजूद रहे जब तक युवक को अस्पताल नहीं पहुंचा दिया, उसे डीएनएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. युवक की पहचान गोलू निवासी मालवीयनगर के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि समय पर डीसीपी तिवारी और रंजीत सिंह ने पहल न की होती, तो युवक की हालत और गंभीर हो सकती थी. चित्र डीएसपी के नाम से...

# कावड़ यात्रियों से विवाद के बाद सदर बाजार में तनाव

- पुलिस ने संभाली स्थिति

**इंदौर. सावन के पवित्र माह में कावड़ यात्रा के दौरान सदर बाजार क्षेत्र में कावड़ियों और दूसरे समुदाय के कुछ लोगों के बीच विवाद की स्थिति बन गई. मौके पर पुलिस बल पहुंचा और हालात को नियंत्रण में लिया. मामले में पिता-पुत्र को थाने लाया गया है.**

सदर बाजार मेन रोड पर मंगलवार शाम उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब ओंकारेश्वर से जल भरकर उज्जैन महाकाल जा रहे कावड़ियों का रास्ते में दूसरे वर्ग के कुछ लोगों से विवाद हो गया. शाम को हुई मामूली बहस ने देखते ही देखते तकरार का रूप ले लिया. सूत्रों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष की ओर से डंडे और पत्थर उठाने की कोशिश की गई. माहौल बिगड़ता देख कावड़ यात्रियों के समर्थन में कुछ अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के प्रवीण दरेकर सहित अन्य हिंदूवादी नेता थाना पहुंच गए. उधर, तनाव को देखते हुए पुलिस भी तत्काल सक्रिय हुई और दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर भीड़ को तितर-बितर किया. पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए विवाद में शामिल एक पिता-पुत्र को हिरासत में लिया है. थाना प्रभारी यशवंत बडोले का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और दोनों पक्षों में सुलह हो गई है.

वहीं हिंदू संगठनों का कहना है कि सावन मास के दौरान सदर बाजार से सैकड़ों कावड़ यात्राएं निकलती हैं, इसलिए यहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती जरूरी है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने. पुलिस फिलहाल घटना के पीछे की पूरी स्थिति की जांच कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है.

एक नजर में | मामला बंद हुई मिलों के कर्मचारियों का

# राशि मिलने से हितग्राही खुश, अन्य मिल मजदूरों को भी आशा

**इंदौर. प्रदेश में मिलों का दिवालिया होने की घटना के बाद कई मिल कर्मियों ने आत्म हत्या कर ली थी. वहीं कोई अपना दिमागी संतुलन खो बैठा था. जो अपने आप को संभाल पाए वह मज़दूरों की हक की लड़ाई में लग गए, जिसके फलस्वरूप तीन दशक बाद वह सफल हो गए. इसी को देखते हुए अन्य जिलों के मिल मज़दूरों ने भी अपने आवाज बुलंद की है जिस पर राज्य सरकार ने अच्छे फैसले लिए हैं.**



बात की जाए शहर के मिलों की तो हुकुमचंद मिल कर्मचारी संघ ने अपने साथियों को हक दिलवाने के लिए पूरे बत्तीस वर्ष संघर्ष किया. इस लड़ाई के बीच कई कर्मी इंतज़ार में ही दुनिया से कूच कर गए. जो जीवत रहे उन्होंने संघर्ष जारी रखा. सरकार द्वारा इनको अलग-अलग समय पर भुगतान करने के साथ इनकी श्रेणी भी विभाजित की गई जिसमें प्रथम में जो कर्मी जीवत है, द्वितीय में मज़दूर की विधवा और तृतीय श्रेणी में संतान परिवार को रखा गया था. आठ्ठावीस सौ प्रथम श्रेणी को राशि मिल चुकी है. पूर्व में तीन हज़ार से लेकर बारह हज़ार तक मज़दूरों को राशि दी गई थी. इस के बाद 2017 में शासन द्वारा पचास करोड़ मिले जो हितग्राही तक पहुच चुके थे. 25 दिसंबर 2023 में दो सौ सत्रह करोड़ मिले. छियासी लाख का चेक का भुगतान वेरिफाई डॉक्यूमेंटस कर किया जा रहा है. द्वितीय श्रेणी में 12 महिलाएं बची हैं जिनके अधूरे डॉक्युमेंट होने से राशि मिलना बाकी है. वहीं तृतीय श्रेणी के सात सौ करीब है. इनका भी जल्द ही भुगतान किया जाएगा. कुल मिलाकर जितनी राशी मिल मजदूरों कर्मियों को पहुंचना थी वह पहुंच चुकी है. पिछले कुछ समय से हुकुचंद मिल पेटर्न पर ही प्रदेश के दूसरे जिलों के मिल मज़दूर भी मांग उठा रहे हैं. हालांकि राज्य सरकार द्वारा इन्हें भी जल्द भुगतान करने की बात कही है.

### इनका कहना है...



शासन द्वारा हमारे हित में बेहतर किया है. आग्रह करते है कि वहां बचे हुए द्वितीय, तृतीय श्रेणी वालों को भी जल्द भुगतान करें ताकि वह राशि हमारे कुछ काम आ सके.

**- सुदर्शन पिता दत्तात्रेय**



इतना समय लग गया है. कई लोग तो शांत हो चुके हैं. यह अफसोस रहेगा लेकिन जो इंसाफ हम मज़दूरों को मिला है. इसके लिए हम सभी आभारी है.

**- शेर सिंह पिता जयराम**



जो राशि मिल रही है वह बड़े संघर्ष का नतीजा है. सरकार ने भी हमें समझा. अब यह भी उम्मीद करते हैं कि दूसरे मिल मज़दरों को भी सरकार राहत दे.

**- रमेश पिता शंभू सिंह**



जो मिल कर्मी आज हमारे बीच नहीं है संघ उन्हें श्रद्धांजली अर्पित करता है और राज्य सरकार से धन्यवाद करते है कि उन्होंने कई अहम फैसले लेते हुए हमारा सहयोग किया.

**- नरेन्द्र श्रीवंश, अध्यक्ष हुकुमचंद मिल मज़दूर कर्मचारी अधिकारी समिति**